भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1658

04 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रमुख उपलब्धियाँ

1658 श्री कपिल सिब्बलः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत अब तक कितनी प्रगति हुई है और वर्ष 2025-2026 में शहरी अवसंरचना में किस प्रकार सुधार किया जाएगा;

(ख) वर्ष 2025 तक स्मार्ट सिटी मिशन के लिए मंत्रालय ने कौन-कौन सी प्रमुख उपलब्धियाँ दर्ज की हैं;

(ग) मंत्रालय वर्ष 2025 में किन शहरी अवसंरचना परियोजनाओं को प्राथमिकता दे रहा है; और

(घ) मंत्रालय वर्ष 2026 तक शहरी अवसंरचना में सुधारों का आकलन किस प्रकार करेगा?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का शुभारंभ 25.06.2015 को किया गया था। शहर स्तर पर स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का कार्यान्वयन एक विशेष प्रयोजन तंत्र (एसपीवी) द्वारा किया गया है जो स्मार्ट सिटी विकास परियोजनाओं की योजना बनाने, मूल्यांकन करने, परियोजनाओं को अनुमोदन देने, निधियां जारी करने, खरीद, प्रबंधन, संचालन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए बनाया गया है। एससीएम ने 100 शहरों में रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास और हरित क्षेत्र विकास के माध्यम से क्षेत्र-आधारित विकास के दृष्टिकोण को अपनाया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 31.07.2025 तक उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, एससीएम के तहत चयनित 100 शहरों में शुरू की गई 1,64,695 करोड़ रुपये की कुल 8063 परियोजनाओं में से 1,53,977 करोड़ रुपये की 7,636 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 95%) पूरी हो चुकी हैं और 10,718 करोड़ रुपये की शेष 427 परियोजनाएं चल रही हैं।

एससीएम के अंतर्गत, केंद्र सरकार ने 100 शहरों के लिए कुल 48,000 करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया था। 31.07.2025 तक, शहर 47,459 करोड़ रुपये (अर्थात कुल केंद्रीय हिस्से के आवंटन का 99%) की केंद्रीय वित्तीय सहायता का दावा कर पाए हैं, जिसमें से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 45,881 करोड़ रुपये (अर्थात दावा किए गए कुल केंद्रीय हिस्से का 97%) का उपयोग किया जा चुका है।

उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा अनुमोदित स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य (वॉश), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट एनर्जी, पर्यावरण आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) के आधार पर एससीएम के तहत शहरों का विकास किया जा रहा है। एससीएम के तहत प्राप्त उपलब्धियों का क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

31 मार्च, 2025 को स्मार्ट सिटी मिशन बंद किए जाने के साथ, नई परियोजनाएं शुरू करने के लिए एससीएम के अंतर्गत कोई और बजटीय प्रावधान नहीं है।

*****

अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत मुख्य उपलब्धियों के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न सं. 1658 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एससीएम के तहत परियोजनाओं का क्षेत्र-वार ब्यौरा

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	**एससीएम का क्षेत्र**	**परियोजनाओं की कुल संख्या**	**परियोनजाओं की लागत**
1	आर्थिक अवसंरचना	932	12973.04
2	पर्यावरण	151	2715.27
3	स्मार्ट एनर्जी	694	14263.15
4	स्मार्ट गवर्नेंस	680	17808.82
5	स्मार्ट मोबिलिटी	1737	41623.06
6	सामाजिक अवसंरचना	898	13022.29
7	जीवंत सार्वजनिक क्षेत्र	1408	12261.96
8	जल, स्वच्छता, स्वास्थ्य (वॉश)	1545	49621.47

31 जुलाई, 2025 की स्थिति के अनुसार, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना।

******